हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

## खबर संक्षेप

### लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन कल

**मनेन्द्रगढ़।** जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि आरटीओ कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में 23 नवंबर को लाईसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे परिवहन विभाग द्वारा अधिकृत महेश परिवहन सुविधा केन्द्र, अली परिवहन सुविधा केन्द्र और शर्मा परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लर्निंग लाईसेंस जारी किए जाएंगें। आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस के लिए ऑनलाईन आवेदन के लिए स्वयं या नजदीकी चॉइस सेंटर/लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से निर्धारित फीस जमा कर आवेदन करना होगा।

### अज्ञात कारणों से ग्रामीण ने लगाई फांसी

**मनेंद्रगढ़।** सिटी कोतवाली थाना मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत चैनपुर में शुक्रवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई जहां 43 वर्षीय खेलसाय नामक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक खेलसाय चैनपुर में ही अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। वह मजदूरी कर अपने परिवार का गुजर बसर करता था। अचानक हुई इस घटना से परिवार सदमे में है और कुछ भी स्पष्ट बताने की स्थिति में नहीं है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया। न तो कोई सुसाइड नोट मिला है और न ही परिजनों ने किसी तरह के विवाद, तनाव या बीमारी की जानकारी दी है। पुलिस प्रारंभिक रूप से आर्थिक परिस्थिति, मानसिक तनाव, पारिवारिक स्थिति और सामाजिक कारणों जैसे सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस तुरंत घटनास्थल पहुंची। पुलिस ने स्थल का निरीक्षण, पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों और समय को लेकर अधिक स्पष्टता मिलेगी। साथ ही परिवार के सदस्यों व पड़ोसियों के बयान लेकर घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### सड़क और आधारभूत सुविधाओं की दरकार

# घुघरा के जंगल में स्थित ढाड़पाथर उपेक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ प्राचीन आस्था स्थल के रूप में है प्रचलित

कोरिया जिले में कई प्रमुख धार्मिक आस्था स्थल मौजूद हैं, जिन्हें संरक्षण और बेहतर सुविधाओं की सख्त जरूरत है।

जिले में अनेक ऐसे धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल हैं, जहां पहुंचने के लिए उचित सड़क मार्ग तक उपलब्ध नहीं है, जबकि ये स्थान प्राचीन काल से लोगों की आस्था के केंद्र रहे हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख आस्था स्थल सोनहत जनपद में स्थित ठाड़पाथर है, जो बैकुण्ठपुर-सोनहत मुख्य मार्ग पर घुघरा के जंगल में स्थित है। यहां विशाल चट्टान की पूजा वर्षों से होती आ रही है। विभिन्न पर्व, त्योहारों तथा विशेष अवसरों पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। मुख्य मार्ग किनारे इस स्थल की पहचान के लिए लगाया गया बोर्ड अब पुराना हो चुका है। उस पर लिखे शब्द लगभग मिट चुके हैं, हालांकि आसपास के लोगों को पता है कि यह बोर्ड धार्मिक आस्था स्थल ठाड़पाथर की ओर संकेत करता है।



### मुख्य मार्ग से चंद दूरी पर है स्थित

ठाड़पाथर स्थल मुख्य सड़क से केवल करीब 100 मीटर की दूरी पर है, लेकिन आज तक वहां तक न तो कच्ची और न ही पक्की सड़क बन पाई है। श्रद्धालुओं को पगडंडी के सहारे ही जंगल के भीतर स्थित इस स्थल तक पहुंचना पड़ता है। घुघरा के जंगल में स्थित यह प्राचीन आस्था स्थल अंचल के लोगों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है, लेकिन इसके विकास की दिशा में अभी तक ठोस पहल नहीं हुई।

### ग्रामीण लगातार कर रहे मांग

सड़क निर्माण सहित यहां मूलभूत सुविधाएं विकसित करने की आवश्यकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभिन्न अवसरों पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है, लेकिन सुविधाओं के अभाव में यह ऐतिहासिक स्थल आज भी उपेक्षित पड़ा है। इसके लिए पुरातत्व विभाग और वन विभाग को पहल करनी चाहिए। हमारी प्रशासन से मांग की है कि इस प्राचीन आस्था स्थल को उचित पहचान दिलाने के लिए यहां पहुंच मार्ग तथा अन्य सुविधाओं का विकास किया जाए। जानकारों का कहना है यह क्षेत्र रिजर्व फारेस्ट क्षेत्र में आता है, इसलिए सड़क निर्माण कराने में दिक्कतें आ रही हैं।

# रविवार को भी खुलेंगे सहकारी समितियों के कार्यालय

**बैकुण्ठपुर।** किसानों के हित में सहकारिता विभाग ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जिला कोरिया की सभी सहकारी समितियों को निर्देशित किया है कि 19 नवंबर से 25 नवंबर 2025 तक रविवार को भी समिति कार्यालय खुले रहेंगे। इस अवधि में एग्रीस्टेक एवं एकीकृत किसान पोर्टल में कृषकों के पंजीयन और फसल रकबा संशोधन की विशेष कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं कोरिया द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि राज्य शासन के पत्र के अनुसार शेष कृषक, डूबान प्रभावित कृषक व वन पट्टाधारी ▶▶ शेष पेज 4 पर

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥

अंतिम अरदास




सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।

कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)

शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)
नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।
J.J.Ad

UMH आयुष्मान भवः
QCI
प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय रविवार को आपके शहर में
पेट एवं लिवर रोग के विशेषज्ञ



(प्रथम रविवार मे उपलब्ध)
डॉ विनोद कुमार सिंह
MBBS, MS, FIAGES, D.MAS, F.MAS
(GENERAL AND LAPAROSCOPIC SURGEON)

(तृतीय रविवार मे उपलब्ध)
डॉ प्रवेश शुक्ला
(MBBS, MS, DRNB)
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ

अगर आपको निम्न समस्या है
- पेट/आहार नाल मे जलन
- पेट साफ ना होना (बदहजमी)
- पेट/आंत मे दर्द
- पेट का अलसर
- पाचन सम्बंधित समस्या
- फैटी लिवर
- लिवर की पुरानी समस्या
- भूख ना लगना व वजन घटना
- पेट फूला रहना
- उल्टी मे खून आना
- सौच के दौरान दर्द होना
- मल मे खून आना
- बबासीर, फिस्तुला, फिसर.

डॉक्टर की अगली उपलब्धता
दिनांक - 23 नवंबर (रविवार)
समय - सुबह 10 से 12 बजे तक
स्थान - केशरवानी मेडिकल स्टोर्स रिजनल हॉस्पिटल, गोधरी पारा, चिरमिरी
समय - सुबह 5 से 8 बजे तक
स्थान - शैलेश मेडिकल स्टोर, मेन रोड बैकुंठपुर पूर्णिमा फैशन के सामने, बैकुंठपुर

SECL कार्ड धारियों के लिए निःशुल्क
अग्रिम पंजीयन हेतु
9039031069, 93404 67167, 7000457527
उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का सुपर मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैंड के पास, नहर रोड, भाटागांव रायपुर (छ.ग.)
0771-4088820, 9109125524, 9589956859

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्ते मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### मनाया गया विश्व बाल दिवस, बच्चों को दी गई विभिन्न जानकारी

**सोनगरा।** 20 नवंबर विश्व बाल दिवस के अवसर पर आज एडी जुबली मेमोरियल विद्यालय में यूनिसेफ और मीडिया कलेक्टिव फॉर चिल्ड्रेन राइट्स के तत्वाधान में जिला संयोजक अफरोज खान की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व बाल दिवस के अवसर पर हेंड ओवर टेक ओवर कार्यक्रम के तहत विद्यालय के प्राचार्य फादर टी.जोसेफ धनास्वामी द्वारा विद्यालय की कक्षा आठवीं की मेधावी छात्रा कुमारी रानी राजवाड़े को विद्यालय का एक दिन का प्राचार्य नियुक्त किया गया तथा विद्यालय संचालन की जिम्मेदारी दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने विश्व बाल दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक बच्चों को जानकारी दी। अफरोज खान ने विद्यालय के बच्चों को विश्व बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न जानकारियां देते हुए बच्चों का मार्गदर्शन किया। बच्चों को उनके अधिकार, स्वास्थ और पोषण के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चे समाज का अभिन्न अंग है और महत्वपूर्ण हिस्सा है आज का दिन बच्चों के लिए खास है। आज के दिन पूरे विश्व में बच्चों को बाल दिवस मना कर सम्मानित किया जाता है। विद्यालय में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

### विश्व बाल दिवस पर 3 सौ विद्यार्थियों को दिए गए स्कूल बैग



**अम्बिकापुर।** अदाणी फाउंडेशन द्वारा एटीएमएसएल की सीएसआर गतिविधियों अंतर्गत चकेरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में चकेरी के छह शासकीय विद्यालयों – प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक के 300 विद्यार्थियों को नए स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीडीसी मुन्ना सिंह सरपंच कैलाश सिंह, क्लस्टर एचआर प्रमुख तथा सीएसआर प्रमुख उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए बाल दिवस को केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों की संभावनाओं, उनके सपनों और उज्वल भविष्य की याद दिलाने वाला दिन बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासु बने रहने, समर्पण के साथ अध्ययन करने और ऊंचे लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य खिरवार प्रसाद एवं उप-प्रधानाचार्य बिपिन सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों की प्रेरणा में सहायक बताया।

### पुत्र की मौत के सदमें में पिता ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम उदानी निवासी चक्खू राम आ. स्व. करिजन राम (45 वर्ष) इस वर्ष पुत्र के सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने से काफी चिंतित व परेशान रहता था। गत दिन वह घर में अकेला था तभी पुत्र के वियोग में घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। जब चक्खू कीटनाशक का डिब्बा बाहर फेकने लगा तभी पत्नी ने उसे देख लिया। पत्नी ने पूछताछ की लेकिन पति ने कुछ नहीं बताया। इसी बीच तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### चौबीस कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए किया गया भूमि पूजन

**सलका अघिना।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में ग्राम पंचायत साल में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 27 से 30 नवम्बर तक आयोजित होना है। महायज्ञ को लेकर आज भूमि पूजन का कार्यक्रम साल का बाजार ग्राउंड में संपन्न किया गया। गायत्री परिवार से जुड़े परिजन सहित मुख्य अतिथि के रूप में राम सेवक पैकरा, भोला अग्रवाल, शिव शंकर कुशवाहा, सोमनाथ कुशवाहा,अवधेश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, गिरीश गुप्ता, मोक्ष नारायण गुप्ता, राजेंद्र प्रताप सिंह, बृज बिहारी गुप्ता, आशीष गुप्ता, अनुराग सिंह, सुदामा गुप्ता, श्याम किशोर गुप्ता, शिव हरि गुप्ता, निरंजन गुप्ता, दलगर राजवाड़े, संजय गुप्ता, दीपेंद्र गुप्ता, हरि मोहन गुप्ता, स्नेह लता गुप्ता, श्याम गुप्ता, अनिता गुप्ता, अनुपम गुप्ता, जावित्री गुप्ता, गीता गुप्ता, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे

## झारखंड, उत्तर प्रदेश से की जा रही धान की तस्करी, क्षेत्र के लोगों ने कार्रवाई की मांग

# धान खरीदी शुरू होने के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ी कोचियों एवं मिलर्स की संदिग्ध गतिविधियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जिले में धान खरीदी प्रक्रिया शुरू होने के बाद से एक बार फिर प्रतापपुर सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में कोचिया एवं राइस मिलर्स की संदिग्ध गतिविधियां शुरू हो गई है। आलम यह है कि कई जगह भारी मात्रा में धान का भंडारण करने की संभावना है। ऐसे में अब क्षेत्र के लोगों ने भी अवैध धान भंडारण एवं कोचियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है जिससे किसान अपनी उपज को आसानी से धान उपार्जन केन्द्र में बेच सकेंगे।

**खास बात**

■ देर रात तक बढ़ गई है वाहनों की आवाजाही

जिले में 15 नवंबर से धान खरीदी प्रक्रिया शुरू हो गई है, लेकिन खरीदी के पहले ही प्रतापपुर और सीमावर्ती इलाकों में कोचियों और राइस मिलर्स की संदिग्ध गतिविधियां तेजी से बढ़ गई हैं। सूत्रो के मुताबिक इलाके में अवैध भंडारण का खेल इस हद तक फैल गई है कि कई गोदामों और निजी भवनों में हजारों क्विंटल धान छिपा होने की संभावना है। झारखंड और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों से धान की बड़े पैमाने पर तस्करी की जा रही है। इस प्रकार की स्थिति हर साल होती हौ और क्षेत्र में कोचिए सक्रिय हो जाते है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि मंडी विभाग को इस अवैध धंधे की पूरी जानकारी है, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि चुनिंदा गोदामों और मिलर्स के परिसर में देर रात वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है, फिर भी विभागीय अधिकारी मौके पर नहीं पहुंच रहे। इससे प्रशासन की सुस्ती पर सवाल उठने लगे है। इसके अलावा चेक पोस्टों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। लोगों का आरोप है कि कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से तस्करी वाले ट्रकों को बिना जांच-पड़ताल प्रवेश करा रहे हैं। स्थानीय लोग खुलकर कह रहे हैं कि प्रशासनिक टीमों के निष्क्रिय होने से धान तस्करी करने वाले लोगों के हौसले बुलंद है जिसका खामियाजा क्षेत्र के किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

### 15-16 सौ प्रति क्विंटल दर से खरीदते हैं धान

क्षेत्र में सक्रिय कोचिए 1500–1600 रुपये प्रति क्विंटल की सस्ते दर पर में धान खरीद कर ट्रकों के माध्यम से छत्तीसगढ़ पहुंचा रहे हैं। यहां पहुंचने के बाद समिति प्रबंधकों और कुछ मिलर्स की मिलीभगत से बाहरी धान को किसानों के नाम पर फर्जी एंट्री डालकर समर्थन मूल्य में बेचने की तैयारी की जा रही है।

### किसानों ने की कार्रवाई की मांग

प्रतापपुर सहित आसपास क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से अवैध रूप से दूसरे क्षेत्र से धान लाकर खपाने पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। किसानों का कहना हे कि अचानक छापेमारी कार्रवाई होगी तो क्षेत्र से भारी मात्रा में अवैध धान बरामद हो हो सकता है।

### स्कूल बाउंड्री के बाहर छिपा कर रखे 200 बोरी अवैध धान जब्त

**कुसमी।** सामरी हाई स्कूल बाउंड्री के बाहर पुआल एवं तिरपाल से छिपाकर रखे 200 बोरी अवैध धान को प्रशासनिक टीम ने जब्त किया। बताया जा रहा है कि जब्त धान झारखंड से लाया गया था। एसडीएम करूण डहरिया को सूचना मिला कि सामरी हाई स्कूल मैदान के पीछे झारखंड से लाए गए अवैध रूप से 200 बोरी धान का भंडारण किया गया है। एसडीएम ने मौके पर पहुंच धान को जब्त किया। जब्त धान सामरी निवासी विंदेश्वर यादव आ. अयोध्या यादव की बताई जा रही है। एसडीएम ने बताया कि दूसरे राज्य से अवैध रूप से धान लाने वाले कोचिया सहित धान बिक्री करने वाले बिचौलियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है जिससे बिचौलिए इस बार अवैध रूप से धान बिक्री नहीं कर पा रहे है। इस प्रकार से की गई धान जब्त की कार्रवाई से क्षेत्र में जहां किसानों को लाभ मिल रहा है वही अवैध रूप से धान बिक्री करने वाले बिचौलियों के मंसूबे पर पानी फिरते नजर आ रहा हैं।



### यूपी से ला रहे थे धान, दर्ज किया गया अपराध

**वाड्रफनगर।** अवैध धान परिवहन और भंडारण को लेकर प्रशासन की कार्रवाई निरंतर जारी है। एसडीएम वाड्रफनगर नीरनिधि नंदेहा ने बताया कि खाद्य निरीक्षक को सूचना मिली की पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 टी 3538 से अवैध धान का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर टीम ने ग्राम गिरवानी में घेराबंदी कर पकड़ा। पिकअप में 60 बोरी अवैध धान लोड था जिसे जब्त किया गया। पूछताछ में वाहन चालक के द्वारा बताया गया कि उक्त धान उत्तर प्रदेश राज्य से अवैध रूप से छत्तीसगढ़ राज्य के अन्तर्गत बलरामपुर जिले में स्थित धान खरीदी केन्द्र-सोसाइटी में अधिक मूल्य पर विक्रय के उद्देदश्य से लाया जा रहा था। जिसे जप्त कर थाना रघुनाथ नगर को सुरक्षित अभिरक्षा में रखने हेतु सुपुर्द किया गया। उक्त प्रकरण में की गई कार्रवाई का संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया गया है एवं दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई एवं अपराध में प्रयुक्त वाहन एवं जब्त खाद्यान्न को शासन के पक्ष में राजसात करवाने की त्वरित कार्यवाही की गई है। एसडीएम श्री नंदेहा ने बताया कि कि वाड्रफनगर अनुभाग अंतर्गत अब तक अवैध धान के लिए 3 एफआईआर दर्ज किया जा चुका है। साथ ही 10 पिकअप सहित लगभग 700 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है।

**की जाएगी कार्रवाई**

क्षेत्र में बाहर से धान लाकर भंडारित कर रहे है तो जांच की कार्रवाई की जाएगी। अवैध धान की आवाजाही पर निगरानी की जा रही है। जानकारी मिलने पर छापामार कार्रवाई करते हुए दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-ललिता भगत
एसडीएम प्रतापपुर



### वन विभाग की जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग, पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद सुंदर साय पोर्ते व राजपुर व्यापारी नरेश अग्रवाल ने गुरुवार को वन परिक्षेत्र अधिकारी महाजन लाल साहू को ज्ञापन सौंपकर बकसपुर सीमा से आमापारा पतरातू तक स्थित निस्तारित सड़क में मुरमीकरण कर नई सड़क निर्माण की मांग की है। पार्षद ने कहा कि यह मार्ग लंबे समय से उपेक्षा का शिकार है, जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद श्री पोर्ते बताया कि बकसपुर सीमा से आमापारा पतरातू तक जाने वाली यह निस्तारित वन विभाग की सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे हो जाने के कारण आम दिनों में भी इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा है, वहीं रात्रि के समय अंधेरा होने पर स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों के अनुसार सांप, बिच्छू जैसे विषैले जीवों का खतरा इस मार्ग पर हमेशा बना रहता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। पार्षद ने बताया कि इस मार्ग का उपयोग बकसपुर, सेमरा, कर्रा, पतरातू, ठरकी और कुंदीखुर्द सहित आसपास के अनेक गांवों के लोग प्रतिदिन करते हैं, लेकिन सड़क की खराब हालत के कारण राजपुर मुख्यालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं तक पहुंचना कठिन हो गया है। विशेषकर आपातकालीन परिस्थिति में मरीजों और जरूरतमंद ग्रामीणों को समय पर सहायता नहीं मिल पाती। उन्होंने वन विभाग से मांग की है कि ग्रामीणों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निस्तार सड़क का शीघ्र मुरमीकरण कर मजबूत सड़क का निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों ने भी उम्मीद जताई है कि विभाग जल्द पहल कर इस महत्वपूर्ण मार्ग को सुधारने की दिशा में ठोस कार्यवाही करेगा।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ शव पड़े रहने से सड़क की दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई

एनएच 43 पर सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा। बीती रात भी ट्रक चालक ने न सिर्फ बाइक सवार को टक्कर मारी बल्कि सड़क पर गिरे एक युवक को रौंद दिया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर सड़क पर शव पड़े रहने से एनएच 43 पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को मरच्यूरी भेज यातायात बहाल किया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लालमाटी निवासी दीपक एक्का आ. कृष्णा एक्का (18 वर्ष) बुधवार की शाम गांव के अरविंद एक्का एवं आयुष केरकेट्टा के साथ बाइक से लुचकी निवासी नानी के घर जा रहा थे। जैसे ही बाइक सवार एनएच 43 लुचकी घाट के समीप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक एचआर 39 ई 7482 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से बाइक के पीछे बैठा दीपक एक्का सड़क पर ही गिर गया जबकि अरविंद एवं आयुष किनारे जा गिरे। इसी बीच ट्रक चालक ने सड़क पर गिरे युवक को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर शव के सड़क पर क्षत विक्षत हालत में पड़े होने से सडक की दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजने के पश्चात आवागमन बहाल किया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## अभाविप ने किया मणिकर्णिका शक्ति समागम का आयोजन, दिया नारी-सशक्तिकरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रानी लक्ष्मीबाई जयंती स्त्री शक्ति दिवस के अवसर पर मणिकर्णिका शक्ति समागम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नई पीढ़ी तक पहुंचाना एवं समाज में नारी-सशक्तिकरण का संदेश देना था।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण यह रहा कि 60–70 से अधिक युवतियों ने रानी लक्ष्मीबाई के वेश में सहभागिता कर एक अनोखी और प्रेरणादायक झांकी प्रस्तुत की, कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में युवतियां सम्मिलित हुई। नगर में शोभायात्रा का आयोजन भी किया गया जो गांधी मैदान से प्रारंभ होकर भारत माता की जय वंदे मातरम, छात्र शक्ति - राष्ट्र शक्ति जैसे नारों के साथ नगर भ्रमण करते हुए गांधी मैदान में समाप्ति की गई। अभाविप संयोजक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकाश महतो ने महारानी लक्ष्मी बाई की वीरगाथा को बताते हुए समस्त छात्राओं को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अभाविप सरगुजा विभाग संयोजक गुलशन पांडे एवं अभाविप बलरामपुर जिला संयोजक ऋतिक सिंह ने युवतियों को राष्ट्र निर्माण, नेतृत्व, आत्मविश्वास और नारी-शक्ति के मूल्यों के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि राधिका ने युवतियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं और रानी लक्ष्मीबाई के आदर्शों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

इस दौरान नगर मंत्री परमानंद कुशवाहा, नगर सह मंत्री सत्यम प्रजापति ,श्रेया ठाकुर महाविद्यालय अध्यक्ष नमन विश्वकर्मा, रजनी विश्वास, नीतू गुप्ता, खुशबू पुरी,सुधा, मुस्कान ,सलोनी, मृदुला, सुग्रीव, आकांक्षा, ज्योति सहित अभाविप के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जहरीले सांप के डसने से गंभीर मासूम की गई जान

**अम्बिकापुर।** बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम पंडरापाठ बटूरपोखर निवासी नीरा आ. शिवनाथ (3 वर्ष) गत दिन जब शिवनाथ गांव के ही यादव के खेत में मजदूरी करने गया था। इसी बीच उसके साथ नीरा भी गई थी। पिता खेत में लगी धान की फसल कटाई कर रहा था जबकि बेटी खेत में खेल रही थी। इसी बीच बच्ची के चीखने चिल्लाने पर पिता सहित अन्य लोग उसके पास गए तो बच्ची ने सांप के काट लेने की बात बताई। परिजन बच्ची को तत्काल शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बच्ची की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां मासूम की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### गौ आश्रय धाम का जिला पंचायत जनपद सीईओ ने किया निरीक्षण



**सलका अघिना।** गौ आश्रय धाम अघिना सलका, केवटाली, कोटेया में जिला पंचायत सीईओ बिजेंद्र पाटले एवं जनपद सीईओ विनय कुमार गुप्ता सहित टीम ने गौ आश्रय धाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने आश्रय धाम की व्यवस्था, संसाधनों एवं वर्तमान चुनौतियों का स्थल पर जाकर विस्तृत अवलोकन किया। गौ माता के संरक्षण, चारा–पानी व्यवस्था, सेड निर्माण, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य आवश्यकताओं से संबंधित सभी समस्याओं को उन्होंने गंभीरता से सूना। अधिकारियों ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए तथा हर संभव प्रशासनिक सहयोग और सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया।

निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय धाम समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने आश्रय धाम की कार्यप्रणाली एवं आवश्यकताओं की जानकारी से अधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही हाई मास्ट लाइट, हैंडपंप, नए ट्यूबवेल, सोलर प्लांट, तालाब गहरीकरण, बाउंड्री फेंसिंग सहित अन्य मांग की।

## जानलेवा हमला कर भाग रहा पति गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शराब के नशे धुत पति ने न सिर्फ पत्नी से विवाद किया बल्कि टांगी से जानलेवा हमला कर फरार हो गया। भागने के दौरान ही रास्ते में पति गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम चूल्हा कोना निवासी करम साय आ. मंगरा (40 वर्ष) 13 नवम्बर को नशे की हालत में घर पहुंचा और पत्नी लिदुर से विवाद करने लगा। विवाद के दौरान ही पति ने पत्नी के पैर में टांगी से जानलेवा हमला कर घर से फरार हो गया। इधर मारपीट से घायल हुए लिदुर को परिजन शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन निजी वाहन से शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इधर जब पिता घर गया तो देखा करम साय दरवाजा बंद कर अंदर सो रहा था। पिता ने दरवाजा खुलवाने लगा लेकिन दरवाजा नहीं खुला जिस पर पिता ने किसी तरह दरवाजा खोल अंदर गया तो देखा पुत्र करम साय घायल हालत में बेहोश पड़ा था। परिजन उसे शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया और रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### तबीयत बिगड़ने से गंभीर गर्भवती महिला की मौत

घर में अचानक तबीयत बिगड़ने से गंभीर हुई आठ माह की गर्भवती महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार ग्राम चठिरमा निवासी उषा पति कोमल सिंह (25 वर्ष) आठ माह की गर्भवती थी। बीती रात लगभग 10 बजे रात में अचानक तबीयत खराब हो गई। गर्भवती ने अत्यधिक गर्मी लगने की शिकायत की जिस पर पति पंखा से हवा देने के साथ मितानिन को बुलाया। मितानिन ने तत्काल संजीवनी 108 से महिला को लेकर तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## अब सुबह 9 बजे से लगेंगी कक्षाएं,दो पाली में संचालित होंगे स्कूल

# बढ़ती ठंड के कारण कलेक्टर ने स्कूल टाइम में किया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



जिले में लगातार गिरते तापमान ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित किया है,वहीं स्कूली बच्चों की सेहत पर भी ठंड के विपरीत असर की आशंका बढ़ गई है,इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सूरजपुर ने आज जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त,मान्यता प्राप्त एवं सभी बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों के लिए स्कूल समय में बड़ा बदलाव करने का आदेश जारी किया है। ज्ञात हो कि तेज ठंड, सुबह की धुंध और तापमान में लगातार गिरावट को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन यह कदम उठाया है, ताकि बच्चों को सुबह की कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके और उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी स्कूल अब दो पाली में संचालित स्कूलों में सोमवार से शुक्रवार तक प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से 12.30 बजे तक और दूसरी पाली अपरान्ह 12.45 बजे से 4.15 बजे तक संचालित होगी,साथ ही आदेश में यह भी उल्लेखित है कि एक पाली में संचालित होने वाले स्कूल सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक संचालित होंगे,शनिवार के दिन एक पाली और दो पाली दोनों में संचालित विद्यालयों के शनिवार के समय को भी तापमान के अनुसार समायोजित किया गया है,ताकि सप्ताहांत पर भी बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके,कलेक्टर का यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है,कलेक्टर द्वारा स्पष्ट कहा गया है कि ठंड के कारण विद्यार्थियों की सेहत को किसी भी स्थिति में जोखिम में नहीं डाला जा सकता है,कलेक्टर के आदेश जारी होने के बाद स्कूल प्रबंधन ने नई समय-सारणी के अनुसार अपने संचालन में बदलाव शुरू कर दिया है,वहीं अभिभावकों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सुबह की तेज ठंड में बच्चे को स्कूल जाने में दिक्कतें हो रही थी,प्रशासन का यह निर्णय न केवल राहत देने वाला है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बताया गया है।

### रकम दोगुना करने की बात कहकर साढ़े तीन लाख की ठगी

**बिश्रामपुर।** तीन महीने में रकम दुगुनी करने का झांसा देकर साढ़े तीन लाख रुपए की ठगी करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है,करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम दतिमा निवासी प्रार्थी मोहम्मद इब्राहिम पिता गुलामुद्दीन द्वारा गांव के ही आरोपी किराना दुकान संचालक अब्दुल रउफ पिता मो. ईदरीस व अन्य 1 व्यक्ति को तीन महीने में राशि दुगुना करने के झांसे में आकर अलग अलग समय में साढ़े तीन लाख रुपए जमा कराया गया था,निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद भी लम्बे समय तक प्रार्थी के जमा रकम को आरोपियों द्वारा वापस नहीं किए गया एवं कई बार टाल मटोल किया जाता रहा,अपने साथ धोखाधड़ी हो जाने का एहसास होने पर प्रार्थी ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी,शिकायत जांच में आरोपियों द्वारा राशि हड़पने के पुष्टि होने पर आज गुरूवार को पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### राजवाड़े नर्सिंग का शत-प्रतिशत परिणाम





**बैकुण्ठपुर।** शहर के हर्रापारा में संचालित राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के बी.एससी. नर्सिंग पांचवें सेमेस्टर का परिणाम घोषित हो चुका है और इस बार संस्थान ने एक बार फिर शत प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। घोषित परिणामों में कु. अंजु ने 75.71 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, विद्यावती ने 74.28 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा विभूति अग्रहरी ने 72.57 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल कर संस्थान का मान बढ़ाया है। यह शानदार उपलब्धि छात्रों की मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन का परिणाम है। साथ ही, संस्थान के अनुभवी शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण ने भी इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समय-समय पर दिया गया उचित मार्गदर्शन, सुदृढ़ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और नर्सिंग प्रोफेशन की जिम्मेदारियों के प्रति तैयार करना, छात्रों की सफलता का आधार रहा। संस्थान की आधुनिक शिक्षण सुविधाएं, बेहतर लैब संसाधन और निरंतर प्रैक्टिकल एक्सपोजर ने भी छात्रों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सहयोग प्रदान किया। राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

### कोरिया में 45 नए ग्राम पंचायत कार्यालय भवन बनें

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के जनपद पंचायत सोनहत और बैकुण्ठपुर में पिछले एक दशक में 45 नए ग्राम पंचायत कार्यालय भवन बनाए गए हैं, जिससे पंचायती राज व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित हुई है और ग्रामीणों को सुविधाएं और आसानी से मिलने लगी हैं। नए निर्मित कार्यालय भवनों में जनप्रतिनिधियों, सचिव और रोजगार सहायक के लिए अलग कक्ष, बैठकों और ग्राम सभा संचालित करने की व्यवस्था, दस्तावेजों के संधारण की सुरक्षित सुविधा है। इन व्यवस्थाओं से ग्रामीणों के कार्य समय पर निपट रहे हैं, संवाद बेहतर हुआ है और पंचायत स्तर पर कार्यशैली अधिक पारदर्शी व सुगम बनी है। महात्मा गांधी नरेगा के तहत कोरिया जिले में कुल 45 नए ग्राम पंचायत कार्यालय भवन निर्मित किए गए हैं। सोनहत व बैकुंठपुर जनपद पंचायत में 45 भवन, 5 करोड़ 96 लाख रूपए से अधिक की लागत से तैयार की गई है।

### नेउर-1 रेत खदान की ई-नीलामी

**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के प्रावधानों के तहत नेउर-1 रेत खदान के लिए जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा आयोजित ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) की प्रक्रिया पूर्ण हुई। जारी ई-निविदा प्रक्रिया में कुल 81 बोलीदारों ने सहभागिता की, जिनकी तकनीकी जांच जिला खनिज शाखा द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप की गई। जांच के बाद कुल 76 बोलीदार तकनीकी रूप से पात्र पाए गए, जबकि 05 बोलीदार दस्तावेजी खामियों के कारण अपात्र घोषित किए गए। सभी पात्र बोलीदारों द्वारा प्रस्तुत कम एवं समान दर की बोलियों के कारण आगे की प्रक्रिया इलेक्ट्रॉनिक लॉटरी पद्धति के माध्यम से की गई। डिजिटल पारदर्शिता के इस आधुनिक तंत्र ने नीलामी को और अधिक निष्पक्ष बनाते हुए बोलीदारों को समान अवसर प्रदान किया। इलेक्ट्रॉनिक लॉटरी के परिणामस्वरूप सुनील कुमार गुप्ता को विगत 20 नवम्बर 2025 को नेउर-1 रेत खदान के लिए अधिमानी बोलीदार के रूप में चयनित किया गया। जिला प्रशासन ने बताया कि पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों, तकनीकी प्रोटोकॉल और पारदर्शिता के मानकों का पालन करते हुए सम्पन्न की गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### रविवार को भी...

पंजीयन तथा पहले से पंजीकृत फसलों/रकबे में संशोधन हेतु अतिरिक्त समय उपलब्ध कराया गया है। समितियों से जुड़े सभी कंप्यूटर ऑपरेटर्स को अनिवार्य रूप से समिति कार्यालय रविवार को भी खोलने तथा पंजीयन व संशोधन कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि कोई भी किसान पंजीयन या संशोधन कार्य से वंचित न रहे और सभी पात्र कृषकों का लाभ सुनिश्चित हो सके।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

# कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर घटाने के दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर


बैठक लेतीं कलेक्टर एवं उपस्थित अधिकारी।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले के सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने विशेष रूप से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के प्रति चिंता व्यक्त की और सभी ब्लॉकों को ठोस कार्ययोजना बनाकर तत्काल जिले को प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए समन्वित कार्रवाई, सतर्कता और समय पर उपचार बेहद आवश्यक है। एचक्यूआरपी (जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं) को चिन्हित कर उनका समय पर रेफरल जिला अस्पताल तक सुनिश्चित किया जाए। गर्भवती महिलाओं की पहली और चौथी तिमाही में अनिवार्य स्वास्थ्य जांच कराई जाए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का नियमित एवं प्रभावी आयोजन किया जाए। प्रसव पश्चात संस्थान से छुट्टी होने के बाद अनिवार्य रूप से विजिट सुनिश्चित किया जाए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच मजबूत समन्वय स्थापित किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि 22 नवंबर को सभी सेक्टरों में बैठक आयोजित कर आज की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों को निचले स्तर तक पहुँचाया जाए और राष्ट्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को मजबूत किया जाए। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड, आभा आईडी एनसीडी स्क्रीनिंग, परिवार नियोजन एवं फॉलोअप कार्यों में तेजी लाई जाए। समुदाय में जागरूकता के लिए आईईसी सामग्री, पोस्टर, पंपलेट का व्यापक उपयोग किया जाए।टीकाकरण एवं एमआर टीकाकरण समय पर पूर्ण कर पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित की जाए। कार्य में लापरवाही पर नोटिस एवं वेतन-वृद्धि रोकने की कार्रवाई की जाएगी।

कमजोर प्रदर्शन वाले कर्मचारियों की एक सप्ताह बाद पुनः बैठक एवं 15 दिन बाद पुनः समीक्षा की जाएगी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला, टेलीकम्युनिकेशन के माध्यम से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश। स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुरूप तैयार कर अपलोड किया जाए। चिरायु दल, स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों का रोस्टर अनुसार नियमित निरीक्षण करें।टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत निश्चय पोर्टल में सभी एंट्री समय पर सुनिश्चित हों। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को नेक्स्ट जेन मॉड्यूल के अनुसार संचालित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग मिलकर काम करेंगे तो जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी आएगी। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, बीटीईओ, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### बाइक पर पांच सवारी, 4 हजार का कटा चालान

**बैकुण्ठपुर।** जिले में यातायात जागरूकता अभियान के तहत पुलिस द्वारा लगातार वाहन चेकिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे के निर्देश पर दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य, तीन सवारी निषेध तथा लाइसेंस अनिवार्य नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है।

इसी क्रम में 20 नवंबर को वाहन जांच के दौरान मोटरसाइकिल सीजी 16 सीएस 0550 पर पांच सवारी बैठाकर चलते हुए एक युवक को पकड़ा गया। जांच में चालक के पास हेलमेट नहीं मिला, लाइसेंस नहीं पाया गया, तथा वाहन में अवैध रूप से अतिरिक्त सवारी बैठाई गई थी। नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने चालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर 4,000 रूपए समान शुल्क की रसीद काटी। पुलिस ने दोहराया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न केवल विधिक बाध्यता है बल्कि दुर्घटनाओं से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक है। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### इंसानियत शर्मसार

# झोले में मिला नवजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़




एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत चनवारीडांड, डिपो के पास आज सुबह का दृश्य हर किसी का दिल दहला देने वाला था।

रात की खामोशी उस वक्त टूटी, जब सड़क किनारे पड़े एक झोले से आती हल्की सिसकियों ने सुबह टहलने निकलने वालों के कदम थाम दिए। पास जाकर देखा गया तो झोले में लिपटा हुआ एक नवजात बच्चा— अकेला, असहाय, लेकिन जिंदा! यह नजारा देखकर हर किसी के मन में एक ही पंक्ति कौंध गई, जाको राखे साइयां, मार सके न कोय। घटना की सूचना मिलते ही सरपंच सोनू किन्नर और ग्रामीण बिना एक पल गंवाए मौके पर पहुंचे और मासूम को गोद में उठाकर तुरंत अस्पताल की ओर दौड़ पड़े। अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे को प्राथमिक उपचार दिया। फिलहाल नन्हीं जान सुरक्षित बताई जा रही है और उसे मेडिकल टीम की विशेष निगरानी में रखा गया है। उधर, मामले की खबर लगते ही कोतवाली मनेंद्रगढ़ पुलिस भी अस्पताल पहुँच गई है और पूरी घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

■ ग्रामीणों की तत्परता से बची जान

## धान खरीदी केंद्र में किसानों की उमड़ी भीड़


ट्रैक्टर के जरिए किसान ला रहे धान।

**सोनहत।** जिले के विकासखंड सोनहत के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों में किसान अपने मेहनत की फसल को विक्रय करने सहकारी समिति में सबेरे से देर शाम तक पहुंचने लगे है। खासकर मुख्यालय सहकारी केंद्र सोनहत में 21 नवंबर को सबेरे से ही विभिन्न ग्राम किसानों का जमावड़ा अपने फसल को लेकर पहुंचने नजर आए। खासकर दूरस्थ ग्राम तंजारा,सोनहत,बेलिया के अलावा अन्य कई ग्राम से किसान अपने संसाधन के अलावा अन्य साधनों से सहकारी समिति में धान विक्रय करने के लिए दिनभर खास व्यस्त नजर आए। सहकारी केंद्र में किसानों मिलने वाली सभी व्यवस्था मिलने से किसान अपने धान को तौलने ,बोरा बंदी करने लगे रहे। सहकारी समिति के प्रभारी राजेंद्र मिंज आरईओ ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 नवंबर तक उपार्जन केंद्र सोनहत सहकारी समिति के माध्यम से 25 किसानों द्वारा 1224.80 क्विंटल धान खरीदी किया जा सका है साथ 21 नवंबर को लगभग 10 किसानों द्वारा करीब 300 क्विंटल धान खरीदने का कार्य जारी रहा।

## छात्रावास अधीक्षक शामिल हुए जनजातीय गौरव समारोह में



**बैकुण्ठपुर।** जिले के आदिवासी विकास विभाग द्वारा बीते 20 नवंबर को संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में आयोजित जनजातीय गौरव समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के समक्ष अपनी जन जातीय संस्कृति को प्रदर्शित किया।

इस प्रदर्शनी में कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम कटगोड़ी स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्री मैट्रिक बालक छात्रावास के अधीक्षक श्रवण कुमार भगत ने जन जातीय संस्कृति को प्रदर्शित किया। श्री भगत ने ग्रामीण अंचलों में बैगा गुनियॉ द्वारा किए जाने वाले झाड फूंक पूजा अर्चना को राष्ट्रपति के समक्ष प्रदर्शित किया। जिसके संबंध में राष्ट्रपति श्री मुर्मू ने छात्रावास अधीक्षक श्रवण कुमार भगत से संवाद भी किया। श्री भगत राष्ट्रपति से रूबरू होकर अपने आप को गौरवांवित महसूस करने के साथ कहा कि यह मेरे जीवन का कभी नहीं भुलाने वाला पल साबित हुआ।

## अमीन भर्ती परीक्षा: उड़नदस्ता दल नियुक्त

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा आगामी 07 दिसंबर रविवार को पूर्वान्ह 12:00 से 02:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू एवं नकलमुक्त संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलाकर उडनदस्ता दल नियुक्त किया गया है, जो परीक्षा केंद्रों के भीतर तथा परिसर के बाहर संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखेंगे।

उड़नदस्ता दल में नायब तहसीलदार बैकुंठपुर शुभ कोसले, तहसीलदार पटना प्रतीक जायसवाल, पुलिस आरक्षक राजेश शांडिल्य, प्रधान आरक्षक राम प्रसाद सिंह, शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर के सहायक प्राध्यापक भूपेन्द्र सिंह तथा शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक वरुण कुशवाहा शामिल हैं। उड़नदस्ता दल को परीक्षा समाप्ति के दो घंटे के भीतर निर्धारित प्रपत्र सूचना समन्वयक केंद्र में जमा करना होगा। व्यापम द्वारा जारी निदेर्शानुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना अनिवार्य है। सुबह 11:30 बजे के बाद मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा और किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### पोशाक संबंधी ये रहेंगे नियम

परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बाँह वाले कपड़े पहनकर आएं। काला, गहरा नीला, गहरा हरा, जामुनी, मैरून, बैंगनी तथा गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पूर्णतः वर्जित हैं। केवल बिना पॉकेट वाला साधारण स्वेटर पहनने की अनुमति होगी। धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, जहां उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ेगा। परीक्षा केंद्र में चप्पल पहनकर आना अनिवार्य है। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना सख्त प्रतिबंधित है। परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी और अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी। परीक्षार्थी केवल काले या नीले बॉल पेंड लेकर ही परीक्षा में शामिल हों।

## बुंदेली के छात्राओं ने दिया प्रभावशाली सामाजिक संदेश



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेली में बाल अधिकार सप्ताह का उत्सव आज एक अलग ऊर्जा और नई सोच के साथ संपन्न हुआ। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की थीम पर आयोजित इस विशेष सप्ताह में छात्राओं ने अपनी सोच और संवेदना को नाट्य प्रस्तुति, चित्रकला, पोस्टर, लेखन और कहानी के माध्यम से जिस प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किया उसने पूरे कार्यक्रम को एक जीवंत अनुभव में बदल दिया। ठरर और ठउउ की संयुक्त नाट्य प्रस्तुति ने बाल अधिकार, सुरक्षा, भेदभाव और सामाजिक चुनौतियों की तस्वीर को समाज के सामने सशक्त रूप में रखा, जबकि खुशहाल बचपन सुरक्षित बचपन विषय पर बनी चित्रकला और पोस्टरों ने बालिकाओं की कलात्मक क्षमता को नई ऊंचाइयाँ दीं। यदि मैं पिता या माता होती विषय पर बालिकाओं द्वारा लिखी गई रचनाओं में भावनाओं, जिम्मेदारी और समझ की गहरी झलक दिखाई दी, वहीं मेरे सपनों का भविष्य पर लिखी गई कहानियों में आत्मनिर्भरता, शिक्षा, समान अवसर और उज्ज्वल भारत की स्पष्ट झलक उभरकर सामने आई।

## कोरिया में 148 नए आंगनबाड़ी भवन बने




**बैकुण्ठपुर।** जिले के ग्रामीण अंचल में आंगनबाड़ी केंद्र नौनिहालों की पहली पाठशाला मानी जाने वाली आंगनबाड़ी में नन्हे कदम समाज से जुड़ना सीखते हैं। बीते एक दशक में महात्मा गांधी नरेगा और महिला एवं बाल विकास विभाग के मजबूत समन्वय से जिले में 148 नए आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण पूरा किया गया है।

सोनहत इलाके में पिछले दशक में 26 नए आंगनबाड़ी भवन बने हैं, जिन पर मनरेगा से 133 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई। इसी तरह जिला मुख्यालय क्षेत्र बैकुण्ठपुर के अंतर्गत 122 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा हुआ है। यहां हजारों बच्चे शिक्षा और पोषण गतिविधियों से जुड़ रहे हैं। इन भवनों के लिए मनरेगा से 9 करोड़ 9 लाख रुपये से अधिक मंजूर किए गए। नए मानक के अनुसार एक केंद्र की लागत 11.69 लाख रुपए, जिसमें मनरेगा से 8 लाख रुपए, 2024 से पहले स्वीकृति 6.45 लाख रुपए जिसमें मनरेगा से 5 लाख रुपये।महिला एवं बाल विकास विभाग की मांग पर जनपद पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव जिला पंचायत कार्यालय भेजा जाता है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभागीय मांग अनुसार सोनहत में 2 नए कार्य, बैकुण्ठपुर में 23 आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य स्वीकृत किए हैं, जिनका निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है।

## शहर को नशामुक्त बनाने कोतवाली पुलिस दृढ़ संकल्पित- सैनी

हरिभूमि न्यूज. मनेंद्रगढ़।



सिटी कोतवाली थाना प्रभारी दीपेश सैनी ने नशे के खिलाफ अपनी सख्त नीति दोहराते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार के नशे के अवैध कारोबार को अब जड़ से खत्म किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन का लक्ष्य केवल अपराध पर अंकुश लगाना नहीं बल्कि समाज को सुरक्षित और नशामुक्त वातावरण प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा दीपक कुमार झा के निर्देश और एमसीबी पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में जिले के सभी थानों, चौकियों और सहायता केंद्रों में व्यापक नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के लिए पुलिस टीमों को विशेष दिशानिर्देश जारी किये गये हैं जिसमें लगातार गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच तथा नशे से जुड़े संभावित हॉटस्पॉट्स पर निरंतर निगरानी शामिल है। थाना प्रभारी सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा शहर के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, आमाखेरवा, मौहारपारा, खेड़यिा तिराहा, सुनसान क्षेत्रों, बाजारों के किनारों तथा असामाजिक तत्वों के संभावित जमावड़ों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने कुछ खास स्थानों को चिह्नित करते हुए वहाँ अतिरिक्त पेट्रोलिंग बढ़ाई है। दीपेश सैनी ने कहा कि शहर में अवैध शराब बिक्री, सूखे नशे का वितरण, जुआ-सट्टा संचालन और कबाड़ के नाम पर किये जा रहे गैरकानूनी गतिविधियों पर अब जीरो टॉलरेंस की नीति लागू होगी।

■ संदिग्ध ठिकानों पर होगी कड़ी निगरानी

### मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी वासियों को बेहतर रेल सुविधा का इंतजार

# शहडोल-नागपुर ट्रेन विस्तार की पुरानी मांग अब पकड़ रही गति

हरिभूमि न्यूज. मनेंद्रगढ़।


यात्रियों और स्थानीय संगठनों ने डीआरएम कार्यालय से आग्रह किया है कि इस प्रस्ताव को 6 माह की ट्रायल अवधि के लिए शुरू किया जाए। ट्रायल पूर्ण होने के

### 6 माह के ट्रायल रन की मांग

बाद यात्रियों की संख्या, मांग और क्षेत्रीय उपयोगिता के आधार पर इसे स्थायी रूप से लागू किया जा सकता है। मनेन्द्रगढ़ के साथ-साथ चिरमिरी, भरतपुर, जनकपुर, खोंगापानी और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के यात्री भी इस सुविधा से सीधे लाभान्वित होंगे। वर्तमान में नागपुर की ओर जाने वाले यात्रियों को अनावश्यक बदलियाँ करनी पड़ती हैं, जो समय और पैसे दोनों की बबार्दी है। ट्रेन विस्तार से यह समस्या समाप्त हो जाएगी। क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर रेल कनेक्टिविटी अत्यंत आवश्यक है। नागपुर देश का महत्वपूर्ण चिकित्सा, उद्योग, शिक्षा और व्यापारिक केंद्र है। यदि शहडोल-नागपुर ट्रेन को चिरमिरी तक विस्तारित किया जाता है, तो हजारों लोगों की यात्रा न केवल सरल होगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी।

एमसीबी जिले के हजारों रेल यात्रियों की लंबे समय से उठती आवाज शहडोल-नागपुर ट्रेन को चिरमिरी तक विस्तारित किए जाने की एक बार फिर जोर पकड़ रही है। यह मांग केवल एक सामान्य अपेक्षा नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, रोजगार और पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े व्यापक जनहित का मुद्दा है।

क्षेत्र के विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है। इस प्रस्ताव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके लिए किसी भी ट्रेन के टाइम टेबल में बदलाव की आवश्यकता नहीं है। वर्तमान में शहडोलझनागपुर ट्रेन शहडोल स्टेशन पर लगभग 8 घंटे तक खाली खड़ी रहती है, जो तकनीकी दृष्टि से ट्रेन के टर्न-अराउंड को मनेन्द्रगढ़ तक ले जाने के लिए पर्याप्त है। रेलवे का यह डेड टाइम उपयोग में लाया जाए तो बिना किसी अतिरिक्त दबाव के ट्रेन विस्तार का संचालन आसान हो सकता है। रेलवे विभाग न्यूनतम संसाधनों के उपयोग से इन व्यवस्थाओं को आसानी से विकसित कर सकता है। इससे स्टेशन की क्षमता में वृद्धि होगी और भविष्य के अन्य विस्तारों का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

